<u>संदेश</u>

पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाए जाने वाले ईद-ए-मिलाद या मिलाद-उन-नबी के मौके पर मैं सभी देशवासियों को , विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देती हूं।

पैगंबर मुहम्मद ने दुनिया को दया, सादगी और मानवता की सेवा का संदेश दिया। उनका संदेश , हम में से प्रत्येक को मेल-जोल और भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

आइए, हम सब मिलकर, हज़रत मुहम्मद के जीवन से प्रेरणा लेकर परस्परर सौहार्द से जीवन बिताते हुए देश की तरक्कीम के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का संकल्पज करें।

****